अनुक्रमांक .............................

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

नाम ...................................

# 901

# 801(BAC)

## 2025

## हिन्दी

**समय : 3 घण्टे, 15 मिनट**

**पूर्णांक : 70**

---

**नोट :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थीयों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों–खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब'–में विभाजित हैं।

(iv) इस प्रश्नपत्र के खण्ड 'अ' में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिसमें दिए गए चार विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करके ओ.एम.आर. उत्तरपत्रक पर नीले अथवा काले बॉल प्वाइंट पेन से सही विकल्पवाले गोले को अच्छी तरह रंगकर देना है।

(v) खण्ड 'अ' के बहुविकल्पीय प्रश्नों हेतु प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। बहुविकल्पीय प्रश्नों हेतु नकारात्मक अंकन की व्यवस्था नहीं है। अत: सभी प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास कीजिए।

(vi) ओ.एम.आर. शीट पर उत्तर देने के पश्चात संबंधित गोले को काटे नहीं तथा इरेजर एवं व्हाइटनर का प्रयोग न करें।

(vii) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिए गए हैं।

(viii) खण्ड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गये हैं। इसके लिए कुल 50 अंक निर्धारित हैं।

(ix) खण्ड 'ब' के प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रमानुसार लिखने का प्रयास कीजिए। जो प्रश्न नहीं आता हो, उस पर समय नष्ट मत कीजिए।

(x) वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर देते समय सुन्दर, स्पष्ट एवं पठनीय लेखन पर विशेष ध्यान दीजिए।

[Turn Over

## खण्ड – 'अ'

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1) जयशंकर प्रसाद का नाटक नहीं है– (1)

A) चन्द्रगुप्त B) स्कन्दगुप्त

C) नीलदेवी D) ध्रुवस्वामिनी

2) किस लेखक के निबंधों को 'चिन्तामणि' नाम से संकलित किया गया है? (1)

A) श्यामसुन्दर दास B) गुलाबराय

C) शांतिप्रिय द्विवेदी D) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

3) प्रेमचंद का उपन्यास नहीं है– (1)

A) सेवासदन B) चित्रलेखा

C) रंगभूमि D) गबन

4) 'कारवाँ' एकांकी के लेखक हैं– (1)

A) भुवनेश्वर प्रसाद B) रामकुमार वर्मा

C) उपेन्द्रनाथ 'अश्क' D) लक्ष्मीनारायण लाल

5) 'तूफानों के बीच' रिपोर्ताज के लेखक हैं। (1)

A) शिवदान सिंह चौहान B) रांगेय राघव

C) विवेकी राय D) फणीश्वरनाथ 'रेणु'

6) 'रसराज' के रचयिता हैं– (1)

A) मतिराम B) केशवदास

C) बिहारीलाल D) घनानंद

7) निम्नलिखित में से कौनसा कवि रीतिमुक्त काव्यधारा का नहीं है? (1)

A) घनानंद B) आलम

C) बोधा D) केशवदास

8) 'प्रगतिवादी' काव्यधारा (युग) के कवि नहीं हैं– (1)

A) केदारनाथ अग्रवाल B) नागार्जुन

C) जयशंकर प्रसाद D) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

9) 'तारसप्तक' का संपादन किसने किया? (1)

A) 'भारतभूषण अग्रवाल' ने
B) 'महादेवी वर्मा' ने
C) 'अज्ञेय' ने
D) 'जयशंकर प्रसाद' ने

10) 'प्रियप्रवास' किसकी रचना है? (1)

A) महादेवी वर्मा की
B) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की
C) रामविलास शर्मा की
D) रामधारी सिंह 'दिनकर' की

11) अपनी तुतली भाषा में, वह सिसक-सिसक कर बोली,
जलती थी भूख तृषा की, उसके अंतर में होली।
हा! सही न जाती मुझसे अब, आज भूख की ज्वाला,
कल से ही प्यास लगी है, हो रहा हृदय मतवाला।
उपर्युक्त पंक्तियों में कौनसा रस है? (1)

A) करूण
B) हास्य
C) भयानक
D) वीर

12) 'एक राम-घनश्याम हित, चातक तुलसीदास' पंक्ति में कौनसा अलंकार है? (1)

A) उपमा
B) उत्प्रेक्षा
C) यमक
D) रुपक

13) रोला छन्द में कितनी मात्राएँ होती हैं? (1)

A) 11
B) 24
C) 15
D) 12

14) 'उप' उपसर्ग से बना शब्द नहीं है- (1)

A) उपकूल
B) उपनिवेश
C) उपर्युक्त
D) उपदेश

15) 'नीलोत्पल' में कौनसा समास है? (1)

A) द्वंद्व
B) कर्मधारय
C) अव्ययीभाव
D) बहुव्रीहि

[Turn Over

16) 'गेहूँ' का तत्सम रूप है– (1)

A) गोहूँ B) गोमल

C) गोमाता D) गोधूम

17) 'त्वया' में विभक्ति और वचन है – (1)

A) सप्तमी विभक्ति, बहुवचन B) प्रथमा विभक्ति, द्विवचन

C) तृतीया विभक्ति, एकवचन D) पञ्चमी विभक्ति, बहुवचन

18) रचना के आधार पर वाक्य का भेद नहीं है – (1)

A) प्रश्नवाचक वाक्य B) सरल वाक्य

C) संयुक्त वाक्य D) मिश्र वाक्य

19) 'राजेश द्वारा मधुर गीत गाया-गया' वाक्य में कौनसा वाच्य हैं? (1)

A) कर्तृवाच्य B) भाववाच्य

C) करणवाच्य D) कर्मवाच्य

20) इनमें से 'अविकारी' का चयन कीजिए– (1)

A) संज्ञा B) क्रियाविशेषण

C) सर्वनाम D) क्रिया

## खण्ड 'ब'

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**1) निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश पर आधारित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** 2+2+2=6

मगर ऐसा न आज तक हुआ है और न आगे होगा। दूसरों को गिराने की कोशिश तो अपने को बढ़ाने की कोशिश नहीं कही जा सकती। एक बात और है कि संसार में कोई भी मनुष्य निन्दा से नहीं गिरता। उसके पतन का कारण सद्‌गुणों का ह्रास होता है। इसी प्रकार कोई भी मनुष्य दूसरों की निन्दा करने से अपनी उन्नति नहीं कर सकता। उन्नति तो उसकी तभी संभव होगी, जब वह अपने चरित्र को निर्मल बनाए तथा अपने गुणों का विकास करे।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

ii) गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

iii) किसी व्यक्ति की उन्नति कब संभव है?

**अथवा**

मानव को चन्द्रमा पर उतारने का यह सर्वप्रथम प्रयास होते हुए भी असाधारण रूप से सफल रहा। यद्यपि हर क्षण, हर पग पर खतरे थे। चन्द्रतल पर मानव के पग के निशान, उसके द्वारा वैज्ञानिक तथा तकनीकि क्षेत्र में की गई असाधारण प्रगति के प्रतीक हैं। जिस क्षण डगमग-डगमग करते मानव के पग उस धूलि-धूसरित अनछुई सतह पर पड़े तो मानो वह हजारों-लाखों साल से पालित-पोषित सैकड़ों अन्धविश्वासों और कपोल-कल्पनाओं पर पद-प्रहार ही हुआ। कवियों की कल्पना के सलोने चाँद को वैज्ञानिकों ने बदसूरत और जीवनहीन करार दे दिया-भला अब चन्द्रमुखी कहलाना किसे रूचिकर लगेगा?

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

ii) गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

iii) किसी भी स्त्री को चन्द्रमुखी कहलाना रूचिकर क्यों नहीं लगेगा?

2) **निम्नलिखित में से किसी पद्यांश पर आधारित उसके सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 2+2+2=6

मेरी भव-बाधा हरौ, राधा नागरि सोइ।
जा तन की झाँईं परै, स्यामुहरित-दुति होइ।।
सोहत ओढ़ै पीतु पटु, स्याम सलौनै गात।
मनौ नीलमनि-सैल पर, आतपु परयौ प्रभात।।

i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

ii) रेखांकित अंश (दूसरे दोहे) की व्याख्या कीजिए।

iii) कवि किससे अपनी भव-बाधा दूर करने की प्रार्थना कर रहा है?

**अथवा**

निर्भय स्वागत करो मृत्यु का,
मृत्यु एक है विश्राम-स्थल।
जीव जहाँ से फिर चलता है,
धारण कर नव जीवन-संबल।।
मृत्यु एक सरिता है, जिसमें
श्रम से कातर जीव नहाकर,
फिर नूतन धारण करता है,
काया-रुपी वस्त्र बहाकर।।

[Turn Over

i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

ii) पद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

iii) 'काया-रूपी वस्त्र बहाकर' में कौनसा अलंकार है?

**3) नीचे दिए गए संस्कृत गद्यांश में से किसी एक का सन्दर्भसहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए।** 2+3=5

वाराणसी सुविख्याता प्राचीना नगरी। इयं विमलसलिलतरंङ्गाया: गङ्गाया: कूले स्थिता। अस्या: घट्टानां वलयाकृति: पंक्ति: धवलायां चन्द्रिकायां बहु राजते। अगणिता: पर्यटका: सुदूरेभ्य: देशेभ्य: नित्यम् अत्र आयान्ति, अस्या: घट्टानाञ्च शोभां विलोक्य इमां बहु प्रशंसन्ति।

**अथवा**

''आं, स्वीकृत: समय:'' इति कथिते तस्मिन् नागरिके स ग्रामीण: नागरिकम् अवदत्, ''प्रथमं भवान् एव पृच्छतु।'' नागरिकश्च तं ग्रामीणम् अकथयत्, ''त्वमेव प्रथमं पृच्छ'' इति। इदं श्रुत्वा स ग्रामीण: अवदत् ''युक्तम्, अहमेव प्रथमं पृच्छामि।।''

**4) निम्नलिखित संस्कृत पद्यांश में से किसी एक का संदर्भसहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए।** 2+3=5

माता गुरुतरा भूमे: खात पितोच्चतरस्तथा।
मन: शीघ्रतरं वातात् चिन्ता बहुतरी तृणात् ।।

**अथवा**

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा मोक्ष्यसे महीम्।
तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चय:।।

**5) अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए।** (1×3)

(क) (i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग का सारांश लिखिए।

(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ख) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के नायक का चरित्रचित्रण कीजिए।

(ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(ग) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर श्रीकृष्ण का चरित्रचित्रण कीजिए।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग (राजसूय यज्ञ) की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(घ) (i) 'मेवाड-मुकुट' खण्डकाव्य के प्रधान पात्र का चरित्रचित्रण कीजिए।

(ii) 'मेवाड-मुकुट' खण्डकाव्य के सप्तम सर्ग (भामाशाह) का सारांश लिखिए।

(ङ) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्रचित्रण कीजिए।

(च) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के नायक का चरित्रचित्रण कीजिए।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग (संकल्प) का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(छ) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग (माँ-बेटा) का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर 'कुंती' का चरित्रचित्रण कीजिए।

(ज) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग (राजभवन) की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के नायक का चरित्रचित्रण कीजिए।

(झ) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के तृतीय सर्ग (मेघनाद) की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के नायक का चरित्रचित्रण कीजिए।

6) **(क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए।** 3+2=5

i) रामचन्द्र शुक्ल ii) राजेन्द्र प्रसाद

iii) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी iv) रामधारी सिंह 'दिनकर'

**(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए।** 3+2=5

i) सूरदास ii) रसखान

iii) मैथिलीशरण गुप्त iv) अशोक बाजपेयी

7) अपनी पाठ्य-पुस्तक के संस्कृत खण्ड की पाठ्यवस्तु से कंठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्नपत्र में न आया हो। (2)

8) आपके मित्र ने दसवीं कक्षा की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है,उसे एक बधाई-पत्र लिखिए।

**अथवा** (4)

डेंगू और मलेरिया के बढ़ते हुए प्रकोप को देखते हुए जिले के चिकित्सालयों में अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए जिला चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखिए।

9) **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए ।** 1+1=2

i) पुरुराजः केन सह युद्धम् अकरोत्?

ii) नरः किं हित्वा न शोचति?

iii) भारतीय संस्कृतेः मूलं किम् अस्ति?

iv) चन्द्रशेखरः स्वपितुः नाम किम अकथयत्?

10) **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए ।** (7)

i) जीवन में अनुशासन का महत्व

ii) प्रदूषण की समस्या और समाधान

iii) जनसंख्या वृद्धि की समस्या और समाधान

iv) देशप्रेम

v) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत